Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to formulate a special Pprogramme for imparting Higher and Technical Education to students in Tribal Areas of the country

श्री

मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): भारत सरकार देश के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों के युवाओं के विकास को ध्यान में रखकर तमाम शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। इसके बावजूद इन क्षेत्रों के काफी ऐसे युवा छात्र हैं जो धन के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। देश के पिछड़े ट्राइबल क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास तथा उन्हें देश की मुख्यधारा में लाने के लिए उच्च तथा तकनीकी शिक्षा प्रदान किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि वे अपना समग्र विकास करके देश की उन्नति में अपने योगदान से वंचित न रह सकें। आज जब हमारा देश 21वीं सदी के दुनिया के तमाम विकासशील देशों को पीछे छोड़कर आगे निकल रहा है तब हमें अपने पिछड़े आदिवासी क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा तथा तकनीकी से जोड़कर देश की मुख्यधारा में लाने के सतत प्रयास करने चाहिए। इस संबंध में सरकार से मेरा आग्रह है कि देश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्रों की उच्च एवं तकनीकी शिक्षा हेतु तत्काल एक विशेष कार्यक्रम बनाया जाए।